निरंकार देव सेवक

लाल टमाटर

लाल टमाटर-लाल टमाटर,
मैं तो तुमको खाऊँगा,
रुक जाओ, मैं थोड़े दिन में
और बड़ा हो जाऊँगा ।

लाल टमाटर-लाल टमाटर,
मुझको भूख लगी भारी,
भूख लगी है तो तुम खा लो-
ये गाजर-मूली सारी ।

लाल टमाटर-लाल टमाटर,
मुझको तो तुम भाते हो,
जो तुमको भाता है भैया,
उसको क्यों खा जाते हो ?

लाल टमाटर-लाल टमाटर,
अच्छा तुम्हे न खाऊँगा,
मगर तोड़कर डाली पर से
अपने घर ले जाऊँगा ।

मच्छर का ब्याह

मच्छर बोला-'ब्याह करूँगा
मैं तो मक्खी रानी से'
मक्खी बोली-'जा-जा पहले
मुँह तो धो आ पानी से!
ब्याह करूँगी मैं बेटे से
धूमामल हलवाई के,
जो दिन-रात मुझे खाने को
भर-भर थाल मिठाई दे।'